एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रपति भवन का किया भ्रमण

● बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का मिला अवसर

स्वदेश संवाददाता

रांची : छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे 460 छात्रों को राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कराया गया। एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राष्ट्रपति भवन का दौरा करने का मौका मिला। यह कार्यक्रम जनजातीय मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। छात्रों के साथ एकलव्य विद्यालय के 40 शिक्षक भी इस भ्रमण पर पहुंचे। राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुलाकात करते हुए संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री बिन्देश्वर टुडू उपस्थित रहे। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों को 23 अगस्त को देश के संसद में भी जाने का मौका मिलेगा। जहां पर वे संसदीय प्रणाली एवं वहां की कार्यपद्धति को देखेंगे और समझेंगे।